टॉपिक ५।

# नदी संज्ञक अन्य शब्द रूप

(अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ)

अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ।

श्नुप्रत्ययान्तस्य, इवर्णोवर्णान्तस्य धातोः, भ्रू इत्यस्य च, अङ्गस्य इयङुवङौ स्तः — स्तोऽजादौ प्रत्यये परे इति।

अजादि प्रत्यय पर होने पर श्नु-प्रत्ययान्त रूप, इवर्णान्त और उवर्णान्त धातु रूप तथा 'भ्रू' रूप अंग को इयङ् और उवङ् आदेश होते हैं।

एरनेकाचोऽसंयोगपूर्वस्य।

धात्ववयवसंयोगपूर्वो न भवति य इवर्णः, तदन्तो यो धातुः, तदन्तस्यानेकाचोऽङ्गस्य यण् स्यात् अजादौ प्रत्यये परे। प्रध्यौ। शेषं पपीवत्। प्रध्यौ। प्रध्यम्। प्रध्यः। एवं ग्रामणीः। ङौ तु — ग्रामण्याम्। अनेकाचः किम् — नीः नियौ, नियः। अमि शसि च परत्वादियङ् — नियम्, नियः। ङेराम् — नियाम्। असंयोगपूर्वस्य किम् — सुश्रियौ, यवक्रियौ।

'प्रधी + औ' में 'धी' इवर्णान्त धातु है और इससे पूर्व धातु का कोई अवयव संयोग-युक्त नहीं है। तदन्त अनेकाच् अङ्ग 'प्रधी' है और उससे परे अजादि विभक्ति "औ" है। अतः ईकार के स्थान पर यकार आदेश होकर प्रध् य् + औ = 'प्रध्यौ' रूप बनेगा। यह सूत्र 'अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ' सूत्र का बाधक है।

गतिश्च ।

प्रादयः क्रियायोगे गतिसञ्ज्ञाः स्युः ।
'प्रध्यी' शब्द में 'प्र' का 'ध्यी' क्रिया के साथ योग होता है, अतः इसकी गति संज्ञा होगी ।

वा) गतिकारकेतर पूर्वपदस्य यण् नेष्यते — शुद्धियौ ।

न भूसुधियोः

एतयोरचि सुपि यण् न । सुधियौ, सुधियः इत्यादि ।

सुखमिच्छतीति — सुखीः । सुतमिच्छतीति — सुतीः सुख्यौ । सुत्यौ । सुख्युः । सुत्युः । शेषं प्रध्यीवत् । शम्भुर्हरिवत् । एवं भान्वादयः ।